# साहित्य अकादेमी आज से शुरू करेगी डॉक्युमेंट्री फिल्मों का समारोह

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

साहित्य अकादेमी 2 अगस्त से 8 अगस्त के बीच महत्तवपूर्ण भारतीय साहित्यकारों पर निर्मित व्रतचित्रों के फेसबुक पर प्रसारण का एक समारोह दर्पण शीर्षक से आयोजित कर रही है। अकादेमी की फेसबुक पर यह फिल्में प्रत्येक दिन शाम 6 बजे प्रसारित की जाएंगी। इस श्रृंखला में चुने गए साहित्यकार है गिरीश कर्नाड, कन्नड़, रेवाप्रसाद द्विवेदी, संस्कृत, सी नारायण रेड्डी, तेलुगु, लक्ष्मी नंदन बोरा, असमिया, नैयर मसूद, उर्दू, पोन्नी लन, तमिल और भीष्म साहनी, हिंदी। प्रत्येक फिल्म की समय अवधि 27 मिनट की है। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने बताया कि कोरोनावायरस के चलते लॉक डाउन के समय में भी साहित्य अकादेमी साहित्य प्रेमी पाठकों के लिए निरंतर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी तरह फिल्मों के प्रसारण का एक समारोह 2 मई से 8 मई तक आयोजित किया गया था जिसमें 7 साहित्यकारों पर फिल्में दिखाई गई थीं। आगे उन्होंने बताया कि साहित्य प्रेमी दर्शकों के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में मई 2020 से जुलाई 2020 तक 136 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जो अकादेमी की वेब साइट फेस बुक और ट्विटर पर उपलब्ध हैं। बड़ी संख्या में पाठक और दर्शक इन कार्यक्रमों से लाभ उठा रहे हैं।